नईदुनिया

# Jabalpur News: जबलपुर में नकली घी बनाने के कारखाने में पुलिस का छापा

Updated: | Sat, 27 Feb 2021 10:01 PM (IST)



Jabalpur News: क्राइम ब्रांच और गढ़ा पुलिस की कार्रवाई, सैंपल लेकर कारखाना सील किया गया।

**जबलपुर, नईदुनिया प्रतिनिधि।** गढ़ा थाना क्षेत्र में भारत कॉलोनी स्थित नकली घी बनाने के कारखाने में पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारा। आरोपित के पास से घी बनाने का सामान जब्त किया गया है।

गढ़ा टीआइ राकेश तिवारी के मुताबिक शनिवार को क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि भारत कॉलोनी में राजेश केशरवानी किराए का मकान लेकर उसने वनस्पति घी और रिफाईंड तेल में एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार कर बाजार और आसपास के जिलों में बेच रहा है। सूचना पर वह क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश दी। दबिश के दौरान कमरे के अंदर 2 व्यक्ति मिले, जिसमें आरोपित ने अपना नाम इंद्रा नगर गोरखपुर निवासी राहुल गुप्ता (28) और मथुरा विहार प्लाट नं 48 विजय नगर निवासी संतोष केशरवानी (42) बताया। कमरे में तलाशी ली गई, जहां से एल्यूमीनियम के डिब्बों में तैयार किया हुआ नकली घी मिला, जिससे देसी घी जैसी खुशबू आ रही थी।

**22 टीन में भरा मिला नकली घी:** कार्रवाई के दौरान 15 लीटर वाले 33 टीन में वनस्पति और 15 लीटर वाले 22 टीन में तैयार किया हुआ नकली घी भरा मिला। कमरे में 100, 250 और 500 एमएल और 1 लीटर के प्लास्टिक के सैकड़ो डिब्बे, गैस चूल्हा, 2 सिलिंडर, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, टीन के ढक्कन को पैक करने की मशीन, और पावक दीप द्रव्य नाम के लेबल लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये के मिले। पूछताछ में आरोपित संतोष और राहुल ने बताया कि कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी राजेश केशरवानी के साथ मिलकर साझेदारी में वनस्पति घी में सस्ता रिफाईंड तेल और घी का एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार करते है।

**थोक और फुटकर के भाव अलग-अलग:** घी तैयार होने के बाद इसे 220 रुपये किलो के हिसाब से थोक और 280 रुपये के हिसाब से फुटकर में बेचते है। घी जबलपुर के अलावा कटनी, सिवनी, मंडला, उमरिया, शहडोल, रीवा, सतना समेत अन्य जिलों में सप्लाई किया जाता है। आरोपितों के पास कारखाना चलाने का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। वहीं खाद्य अधिकारी माधुरी मिश्रा ने सैंपल लेकर कारखाने को सील कर दिया है। खाद्य अधिकारी के प्रतिवेदन पर मामले की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/jabalpur-police-raid-factory-in-jabalpur-to-manufacture-fake-ghee-6729014